आकाशवाणी केन्द्र शिमला
20.09.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, देश में कर–व्यवस्था में सुधार की घोषणा की थी ताकि आम जनता पर से आर्थिक बोझ कम हो। नई दरें आगामी सोमवार से लागू हो रही हैं। आज हम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षेत्र पर जी.एस.टी. सुधार के संभावित प्रभावों की चर्चा कर रहे हैं।

*सरकार ने घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर जीएसटी की दरों में कटौती करके इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को बड़ी रहती है एयर कंडीशनर और डिशवॉशर जैसी वस्तुओं पर कर की दर को 28ः से घटकर 18ः कर दिया गया है वहीं टेलीविजन और गैर टीवी मॉनिटर पर भी जीएसटी दर को घटकर 18ः कर दिया गया है जो पहले 28ः के तक्षशिला में आती थी कटौती से बाजार में इन उत्पादों की मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है आकाशवाणी समाचार से बातचीत में दिल्ली की शुभान मिश्रा ने इन सुधारो का स्वागत किया है।एसी और टीवी पर जो जीएसटी रेट कम हुआ है, यह सरकार द्वारा किया गया सराहनीय निर्णय है। यह बदलाव विशेष रूप से मिडिल क्लास लोगों के काफी राहतकारी है। इस टैक्स कटौती से एसी और टीवी की कीमत इतनी कम हो जिससे आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ घटेगा। यह निर्णय जनहित के लिए एक सकारात्मक कदम है।त्योहारों के सीजन सै पहले इन सुधारों से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादकों की मांग बनने की उम्मीद है, नए का सुधार इस सोमवार से लागू होंगे।*

पंचायत योजना

राज्य सरकार प्रदेश मे हरित ऊर्जा के क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से कई कदम उठा रही हैं। इसी के तहत राज्य सरकार ने प्रदेश में ग्रीन पंचायत योजना लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत एक सौ पंचायतों में 5 किलोवॉट क्षमता के सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाए जाएंगे और इनसे बनने वाली बिजली राज्य विद्युत बोर्ड को बेची जाएगी।

चलो जीते हैं–स्क्रीन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म ''चलो जीते हैं'' देश के लाखों स्कूलों और लगभग पांच सौ सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह फिल्म प्रधानमंत्री मोदी के बचपन की एक घटना से प्रेरित है। इस फिल्म में, स्वामी विवेकानंद के दर्शन से प्रभावित होकर किशोरवय नारू अपनी छोटी–सी दुनिया में बदलाव लाने का प्रयास करता है। प्रदेश के ऊना जिला में 24 सितंबर तक इस फिल्म के प्रतिदिन दो शो दिखाए जा रहे हैं।

भाजपा सेवा पखवाड़ा

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को देश भर में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत 2 अक्टूबर तक विभिन्न विषयों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम

ठाकुर ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कल 21 सितंबर को शिमला में नमो युवा रन मैराथन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी युवाओं से इसमें बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

*सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में युवा मोर्चा के माध्यम से आयोजन किया जा रहा है हिमाचल जिले का हिमाचल नशा मुक्त भारत के लिए यह कार्यक्रम मैदान में 21 सितंबर को सुबह 7रू00 बजे निर्धारित हुआ है और यह कार्यक्रम मैराथन के रूप में निवेदन है क्या बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम का हिस्सा बने*

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है। हालांकि बीती रात प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बारिश होने का समाचार है। प्रदेश में इस मॉनसून सीजन में अभी तक सामान्य से 46 फीसदी अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस वर्ष मॉनसून के दौरान अभी तक एक हज़ार 21 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज से वर्षा में कमी आएगी।

——————————————